Headline: NSE files draft prospectus for Rs 10,000 cr IPO with SEBI	
Source: Dainik Bhaskar	**Date:** 29 December 2016

एनएसई लाएगा 10,000 करोड़ का आईपीओ, सेबी में जमा किए दस्तावेज

मुंबई| नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने आईपीओ का दस्तावेज सोमवार को पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास दाखिल कर दिया। आईपीओ के जरिए 10,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना है। यह बीते छह वर्षों का सबसे बड़ा आईपीओ है। इससे पहले 2010 में कोल इंडिया 15,000 करोड़ रुपए का आईपीओ लेकर आई थी। आईपीओ के जरिये एनएसई के मौजूदा शेयरधारक 20 से 25 फीसदी हिस्सेदारी ओपन फॉर सेल के तहत बेच सकते हैं। इस पेशकश के बाद एक्सचेंज का मूल्यांकन 50,000 से 55,000 करोड़ रुपए हो सकता है।

वहीं, दूसरी तरफ बीएसई भी 1,500 करोड़ रुपए का आईपीओ लाने की प्रक्रिया में है। वह सितंबर में सेबी के पास आईपीओ के दस्तावेज दाखिल कर चुका है। इसके अलावा बीएसई द्वारा प्रमोटेड सीएसडीएल ने भी एक दिन पहले मंगलवार को सेबी के पास आईपीओ का दस्तावेज दाखिल किया है। इसकी आईपीओ के जरिये 3.5 करोड़ शेयर बेचने की योजना है। फिलहाल देश में एमसीएक्स अकेला ऐसा एक्सचेंज है जो शेयर बाजार में लिस्टेड है। एनएसई ने आईपीओ प्रबंधन के लिए सिटीग्रुप, मोर्गन स्टैनली, जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्यूरिटीज और कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी को मर्चेंट बैंकर नियुक्त किया है। आईपीओ की लिस्टिंग प्रक्रिया के लिए लिस्टिंग कमेटी पहले ही बनाई जा चुकी है। अटकलों के बाद एनएसई ने जून में शेयर बाजार में लिस्ट होने की योजना का खुलासा किया था।